Regarding the issue of road connectivity in Damoh Parliamentary Constituency

श्री राहुल सिंह लोधी (दमोह) **:** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सड़क परिवहन मंत्री, नितिन गडकरी जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि उन्होंने मेरे लोकसभा क्षेत्र में दो राष्ट्रीय राजमार्ग दिए हैं । एक ओरछा-गुलगंज-बक्सवाहा होते हुए दमोह और दूसरा दमोह से अभाना और जबेरा होते हुए जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया है । साथ ही साथ हमारा जो दमोह जिला है, तकरीबन पांच जिलों से जुड़ा हुआ है । एक जबलपुर से दमोह, दूसरा सागर से दमोह, तीसरा छतरपुर से दमोह, चौथा पन्ना से दमोह और पांचवां कटनी से दमोह जुड़ा हुआ है । वर्तमान में दमोह शहर में इमलाई बायपास से लेकर, अभाना बायपास से लेकर समन्ना और हटा नाका तक एक रिंग रोड का तकरीबन 20 किलोमीटर का पूरा रोड बनकर तैयार है ।

माननीय सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि यदि समन्ना बायपास से लेकर हटा नाका तक यदि चार किलोमीटर का यह रोड बन जाता है तो यह पूरा रिंग रोड बनकर तैयार हो जाएगा और जब वह रिंग रोड बनकर तैयार होगा तो इन पांचों जिलों से जो भारी वाहन आ रहे हैं, जिनको दमोह से जबलपुर जाना है या जिसको जबलपुर से कटनी जाना है, उनको बीच शहर में नहीं जाना पड़ेगा । वे रिंग रोड के माध्यम से बाहर के बाहर चले जाएंगे । जब यह व्यवस्था लागू हो जाएगी, तो हमें पूरा विश्वास है कि दमोह शहर के भीतर अभी जो जाम लगता है, उससे हमें निजात मिलेगी । इसलिए मैं यह आग्रह करना चाहता हूँ कि समन्ना बायपास से लेकर हटा नाका तक चार किलोमीटर का एनएच रिंग रोड को जोड़ता है तो यह दमोह की कनेक्टिविटी के लिए और दमोह के लिए एक बेहतर काम होगा ।

सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ ।